उत्तर प्रदेश सरकार

# उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड

19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

## सूचना / विज्ञप्ति

**उत्तर प्रदेश पुलिस में पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय), पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लिपिक) एवं पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लेखा) का अन्तिम चयन परिणाम का प्रकाशन।**

संख्याः पीआरपीबी–बी–(लिपिक संवर्ग)–21 / 2025 दिनांकः मार्च 26 ,2026

उ0प्र0 पुलिस में पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय), पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लिपिक) एवं पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लेखा) के सम्बन्ध में उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा सूचना / विज्ञप्ति संख्याःपीआरपीबी–चार–1–3–(लि0सं0)–2023 दिनांक 28–12–2023 प्रकाशित करते हुये उ0प्र0 पुलिस में पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय), पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लिपिक) एवं पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लेखा) के **921** पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे।

**2–** पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय), पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लिपिक) एवं पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लेखा) के **921** पदों के सापेक्ष ई0डब्लू0एस0 एवं अनारक्षित श्रेणी के **242,** अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के **464,** अनुसूचित जाति श्रेणी के **197,** अनुसूचित जनजाति श्रेणी के **09** अभ्यर्थियों को श्रेष्ठताक्रम के आधार पर उ0प्र0 शासन द्वारा समय–समय पर निर्गत आरक्षण नीति के सुसंगत प्रावधानों के अनुसार चयनित किया गया है। इसमें **178** महिला अभ्यर्थियों का चयन किया गया है।

**3–** उक्त लिखित परीक्षा, अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण तथा कम्प्यूटर टंकण परीक्षा में सफल पाये गये **पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) एवं पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा)** के अभ्यर्थियों तथा **पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय)** पद के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थी जो उक्त लिखित परीक्षा, अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण, कम्प्यूटर टंकण परीक्षा तथा आशुलिपि परीक्षा में सफल पाये गये अभ्यर्थियों की श्रेष्ठताक्रम के आधार पर उ0प्र0 शासन द्वारा समय–समय पर निर्गत आरक्षण नीति के सुसंगत प्रावधानों के अनुसार विज्ञापित रिक्तियों के सापेक्ष चयनित अभ्यर्थियों की सूची बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in पर प्रदर्शित की जा रही है।

**3–** उ0प्र0 पुलिस में पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय), पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लिपिक) एवं पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लेखा) के पदों पर सीधी भर्ती–2023 के रिक्त 921 पदों के सापेक्ष चयनित 912 अभ्यर्थियों में अन्तिम चयनित अभ्यर्थी के कटऑफ मार्क्स निम्नवत् हैः–

(क) पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय)

| क्र0 सं0 | श्रेणी | पदों की संख्या | चयनित अभ्यर्थियों की संख्या | लम्बवत् आरक्षण की कटऑफ | क्षैतिज आरक्षण की कटऑफ | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित श्रेणी की कटऑफ | भूतपूर्व सैनिक की कटऑफ | महिला श्रेणी के अभ्यर्थियों की कटऑफ |
| 1 | अनारक्षित | 114 | 114 | 316.260868 | | 305.739129 | 305.913042 |
| 2 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 25 | 25 | 283.391303 | | | 271.391303 |
| 3 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 71 | 71 | 299.565216 | | | 278.434781 |
| 4 | अनुसूचित जाति | 54 | 49 | 225.043477 | | | 221.391303 |
| 5 | अनुसूचित जनजाति | 04 | — | | | | |

(ख) पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लिपिक)

| क्र0 सं0 | श्रेणी | पदों की संख्या | चयनित अभ्यर्थियों की संख्या | लम्बवत् आरक्षण की कटऑफ | क्षैतिज आरक्षण की कटऑफ | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित श्रेणी की कटऑफ | भूतपूर्व सैनिक की कटऑफ | महिला श्रेणी के अभ्यर्थियों की कटऑफ |
| 1 | अनारक्षित | 186 | 186 | 334.608694 | 286.086955 | 268.347825 | 321.913042 |
| 2 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 43 | 43 | 328.086955 | | | 309.217390 |
| 3 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 120 | 120 | 328.260868 | 263.217390 | 244.521738 | 314.782607 |
| 4 | अनुसूचित जाति | 93 | 93 | 311.565216 | | | 295.913042 |
| 5 | अनुसूचित जनजाति | 07 | 07 | 289.739129 | | | 271.043477 |

(ग) पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लेखा)

| क्र0 सं0 | श्रेणी | पदों की संख्या | चयनित अभ्यर्थियों की संख्या | लम्बवत् आरक्षण की कटऑफ | क्षैतिज आरक्षण की कटऑफ | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित श्रेणी की कटऑफ | भूतपूर्व सैनिक की कटऑफ | महिला श्रेणी के अभ्यर्थियों की कटऑफ |
| 1 | अनारक्षित | 88 | 88 | 318.608694 | 222.173912 | 202.869564 | 314.260868 |
| 2 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 19 | 19 | 310.260868 | | | 296.695651 |
| 3 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 53 | 53 | 311.913042 | | | 305.130433 |
| 4 | अनुसूचित जाति | 42 | 42 | 288.695651 | | | 267.565216 |
| 5 | अनुसूचित जनजाति | 02 | 02 | 229.565216 | | | |

**4–** इस चयन परिणाम में कुल 912 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया है, जिसमें चयनित किये गये अभ्यर्थियों का पदवार श्रेणियों **(पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय), पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) एवं पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा))** में चयन परिणाम निम्नांकित सूचियों के अनुसार बोर्ड की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जा रहा है:–

सूचीः–

**सूची–1** उ0प्र0 पुलिस में उ0प्र0 पुलिस में पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय), पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लिपिक) एवं पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लेखा) के पदों पर कुल चयनित 912 अभ्यर्थियों की सूची (रजिस्ट्रेशन संख्या के बढ़ते हुये क्रम में)

**सूची–2** अनारक्षित श्रेणी के अर्न्तगत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची (प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के क्रम में)

**सूची–3** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अर्न्तगत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची (प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के क्रम में)

**सूची–4** अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अर्न्तगत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची (प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के क्रम में)

**सूची–5** अनुसूचित जाति के अर्न्तगत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची (प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के क्रम में)

**सूची–6** अनुसूचित जनजाति के अर्न्तगत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची (प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के क्रम में)

**5–** "उत्तर प्रदेश पुलिस उ0प्र0 पुलिस लिपिक, लेखा एवं गोपनीय सहायक संवर्ग सेवा नियमावली–2015 यथासंशोधित 2020 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार दो या अधिक अभ्यथियों द्वारा समान अंक प्राप्त करने की स्थिति में उनकी श्रेष्ठता का विनिश्चिय टाई ब्रेक के नियमों के अर्न्तगत अधिमानी अर्हता, अधिक आयु व नाम के प्रथम (अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार) अक्षर के क्रम में किया गया है।

**6–** यह चयन परिणाम एवं कम्प्यूटर टंकण परीक्षा में सफल हुये अभ्यर्थियों का परिणाम बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in पर प्रदर्शित किया जा रहा है, जिसे अभ्यर्थीगण चयन परिणाम हेतु दिये जा रहे लिंक पर जांकर रजिस्ट्रेशन नम्बर व जन्मतिथि अंकित (Submit) कर देख सकते हैं। उक्त के साथ–साथ अपना कम्प्यूटर टंकण परीक्षा का रिजल्ट जानने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर व जन्मतिथि अंकित (Submit) कर बोर्ड की वेबसाइट में उपलब्ध लिंक पर जाकर देख सकते हैं।

**7–** यह चयन परिणाम नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा कराये जाने वाले अभ्यर्थी के चिकित्सीय परीक्षण और शैक्षिक योग्यता, आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण–पत्रों व चरित्र सत्यापन में उपयुक्तता के अधीन होगा।

**8–** चयन परिणाम के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को सूच्य है कि यद्यपि इसे तैयार करने एवं वेबसाइट पर अपलोड किये जाने में पर्याप्त सावधानी बरती गयी है, फिर भी किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि के लिये बोर्ड उत्तरदायी नहीं होगा और न ही त्रुटि पाये जाने पर त्रुटिपूर्ण अंकन का किसी को किसी प्रकार का लाभ या अधिकार प्राप्त होगा या अनुमन्य होगा।

9— यह सूचनायें इस सूचना/विज्ञप्ति के माध्यम से उपलब्ध करायी जा रही हैं, उनके सम्बन्ध में सूचना का अधिकार अधिनियम—2005 के अन्तर्गत पृथक से कोई प्रार्थना—पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे और न ही उन पर बोर्ड द्वारा कोई विचार किया जायेगा।

<u>संलग्नक—सूची।</u>

(सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज)
पुलिस उप महानिरीक्षक/अपर सचिव भर्ती
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।